तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 देवकर में जुड़वास महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब



10 से.9 अस्पताल सहित 64 एकड़ की सार्वजनिक...




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923


## सौगात : मोदी की गारंटी और साय सरकार के सुशासन से हर क्षेत्र में दिख रहा विकास: उपमुख्यमंत्री साव

# भिंभौरी को डबल इंजन की सौगात: कॉलेज, किसान भवन का किया भूमिपूजन, 5 करोड़ की नई घोषणाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शुक्रवार जिले की नवीन नगर पंचायत भिंभौरी को करोड़ों रुपए की विकास सौगात देते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ में विकास अब केवल कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि गांव- गांव में दिखाई दे रहा है। इस दौरान उन्होंने 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नवीन महाविद्यालय भवन तथा 14.28 लाख रुपये के किसान सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। साथ ही नगर पंचायत के लिए 5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

■ कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि भिंभौरी में घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए 4 करोड़ रुपये की जल आवर्धन योजना स्वीकृत की गई है, जबकि 1 करोड़ रुपये अन्य विकास कार्यों के लिए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नवीन नगर पंचायत बनने के बाद अब भिंभौरी के समग्र विकास को गति मिलेगी और शिक्षा, पेयजल तथा आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को सरकार बनने के बाद प्राथमिकता से पूरा किया। किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस देने के साथ ही अब 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपये पहुंच रहे हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के पक्के घर का सपना ▶▶| शेष पेज 11 पर



### हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित करते हुए भिंभौरी को मिली विकास परियोजनाओं को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री एवं सहायता राशि के चेक भी वितरित किए गए।



### मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर सरकार विशेष जोर दे रही है। स्कूलों की अधोसंरचना मजबूत की जा रही है तथा योजनाओं का लाभ बिना बिचौलियों के सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रहा है। भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण और पारदर्शी व्यवस्था के कारण शासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है। छत्तीसगढ़ में भी नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने प्रदेश के विकास में सभी नागरिकों से सहभागी बनने की अपील की।

## डिप्टी सीएम ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा किया स्वागत

**बेमेतरा।** जिले में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शुक्रवार को बेरला नगर पंचायत के मंडी प्रांगण में उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुस्तकें, स्टेशनरी व स्कूल गणवेश वितरित कर आत्मीय स्वागत किया। बच्चों से बातचीत करते हुए उन्होंने उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासित रहने और बड़े सपने देखने का संदेश दिया।

■ बेरला में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने तथा शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। स्कूलों में स्मार्ट क्लास, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एक अच्छा शिक्षक ही अच्छे नागरिकों का निर्माण करता है। विद्यार्थियों से उन्होंने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने और असफलता से निराश न होने की सीख दी। ▶▶| शेष पेज 11 पर





### बच्चों को ज्ञानवान और ऊर्जावान बनाने पर जोर : बघेल

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश की भावी पीढ़ी हैं। उन्होंने पालकों और शिक्षकों से बच्चों को ज्ञानवान, संस्कारवान और ऊर्जावान बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि शिक्षा जीवन बदलने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने तथा अभिभावकों से बेटा-बेटी में भेदभाव किए बिना दोनों को समान अवसर देने की अपील की। विधायक दीपेश साहू और विधायक ईश्वर साहू ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू, शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं ।

## खबर संक्षेप

### जिले में चलेगा एचपीवी टीकाकरण अभियान 13 से 18 जुलाई तक

**बेमेतरा।** गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से किशोरियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग 13 से 18 जुलाई तक जिलेभर में विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाएगा। अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी, लेकिन 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं करने वाली सभी पात्र किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाने से भविष्य में इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है तथा विश्वभर में करोड़ों लोगों को लगाया जा चुका है। अभियान के दौरान जिला चिकित्सालय बेमेतरा, जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा कोल्ड चेन प्वाइंट वाले सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक केंद्र पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और सभी पात्र किशोरियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# साइबर ठगी के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिटी कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी में म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खाते में करीब 95 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन सामने आया है। जांच में पता चला कि ऑनलाइन ठगी से प्राप्त रकम उसके खाते में ट्रांसफर की गई थी, जिसके बाद उस राशि का उपयोग और निकासी की जाती थी।

■ 95 लाख रुपये से अधिक का संदिग्ध लेनदेन, आंध्रप्रदेश व तमिलनाडु के पीड़ितों की ठगी की रकम खाते में हुई थी ट्रांसफर



पुलिस के अनुसार, विश्वसनीय सूचना के आधार पर इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा बेमेतरा के एक संदिग्ध खाते की जांच की गई। बैंक से प्राप्त जानकारी में यह खाता ग्राम जेवरा निवासी दुष्यंत कुमार साहू (21 वर्ष) के नाम पर पाया गया। खाते के स्टेटमेंट के अनुसार 18 सितंबर 2024 से 31 मई 2025 तक खाते में 95,09,031 रुपये जमा हुए, जबकि 94,92,342 रुपये निकाले गए। जांच में 2 जनवरी 2025 को खाते में आए 9,800 रुपये और 9,200 रुपये संदिग्ध पाए गए। साइबर पोर्टल की जांच में पता चला कि 9,800 रुपये आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम निवासी राम कृष्ण राजू तथा 9,200 रुपये तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के निवासी गुरुशंकर के बैंक खातों से ऑनलाइन ठगी कर आरोपी के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2), 317(4), 318(4) एवं 61(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

**पूछताछ में हुआ खुलासा:** पुलिस पूछताछ में आरोपी दुष्यंत साहू ने बताया कि ग्राम खाती निवासी राहुल साहू के कहने पर वह पैसे लेकर ▶▶| शेष पेज 11 पर

**लोकतंत्र की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता, संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा: छाबड़ा**

# कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर के सिग्नल चौक पर केंद्र एवं राज्य सरकार के विरोध में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग और विपक्ष की आवाज़ दबाने का आरोप लगाया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का राजनीतिक उपयोग कर विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा जनविरोधी नीतियों के माध्यम से जनता के अधिकारों का हनन हो रहा है। छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन तानाशाही प्रवृत्तियों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता और कांग्रेस संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।



### विरोध प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने दिखाया दम

विरोध प्रदर्शन के दौरान मंगत साहू, कविता साहू, प्रांजल तिवारी, राजू साहू, मिथलेश वर्मा, अश्वनी अनंत, रश्मि मिश्रा, देवेंद्र साहू, रीता पाण्डेय, शकुंतला साहू, विजय बघेल, सनत धर, दिवान बहल वर्मा, रवि रजक, ऋषि वर्मा, मनोज शर्मा, जावेद खान, मोहित वर्मा, निलेश ठाकुर, मोंटू तिवारी, अजय राज सेन, शिव वर्मा, जोगेंद्र छाबड़ा, जनता साहू, योगिता साहू, प्रतीक दुबे, ऋतिक तिवारी, वतन मिश्रा, भीखम साहू, प्रकाश ठाकुर, टोकेश्वर साहू, रामसजीवन, चितरेन वर्मा, महानंद यादव, राम ठाकुर, मनीष परिहार, राजा साहू, विकास चौबे, संजय वर्मा, महेंद्र साहू, सीताराम यदु, प्रकाश साहू, संस्कार शर्मा, निलेश वैष्णव, कृपा राम वर्मा, जयप्रकाश राज, कोमल पुरी गोस्वामी, राहुल जोशी, शुभम सोनी, राजेश नवरंगे, घनश्याम देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चार जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों ने रखी कार्ययोजना

# कृषि नवाचारों पर मंथन, सोयाबीन रकबा बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस. एस. टुटेजा की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्र बालोद में चार जिलों बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव और दुर्ग पाहंदा के कृषि विज्ञान केंद्रों की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवीन तकनीकों के प्रसार, किसानों की समस्याओं के समाधान तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन किया गया।

■ किसानों की आय बढ़ाने और जलवायु अनुकूल खेती पर विस्तृत चर्चा

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. एस. एस. टुटेजा ने वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों और प्रगतिशील किसानों से क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी सुझाव देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान कृषि विज्ञान केंद्रों की वैज्ञानिक सलाह और उन्नत तकनीकों को अपनाकर उत्पादन लागत कम करने के साथ अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र बालोद के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के. आर. साहू ने स्वागत भाषण में कृषि विज्ञान केंद्रों को किसानों और अनुसंधान संस्थानों के बीच महत्वपूर्ण सेतु बताते हुए नवाचारों को खेतों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**बेमेतरा की कार्ययोजना में सोयाबीन पर विशेष फोकस:** कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने वर्ष 2025 की वार्षिक प्रगति, कृषक प्रक्षेत्र परीक्षण, समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तथा आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की। ▶▶| शेष पेज 11 पर



### किसानों के सुझावों पर हुई चर्चा

बैठक में लगभग 20 प्रगतिशील किसानों ने अपने सुझाव रखे, जिन पर वैज्ञानिकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। बेमेतरा से कृषि विभाग के शशि वर्मा, उद्यानिकी विभाग के हरदेव सिंह पैकरा तथा मत्स्य पालन विभाग के सचिन साहू ने भागीदारी की। प्रगतिशील किसान मोहित राम साहू ने जैविक खेती एवं समन्वित कृषि प्रणाली के अपने अनुभव साझा किए। वहीं मनोज शर्मा ने तुलसी, लेमन ग्रास और पामारोसा जैसी सुगंधित फसलों की वैज्ञानिक खेती तथा भाप आसवन संयंत्र की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसान पीलाराम वर्मा के प्रयासों की भी सभी ने सराहना की।


अग्रसेन
प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
FITTER (2 Year 10th Pass)
C.O.P.A. (Computer) (1 Year 10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

# दसवीं द्वितीय अवसर बोर्ड गणित परीक्षा में 95.93% परीक्षार्थी हुए शामिल

## 3,807 विद्यार्थियों में से 3,652 ने दी परीक्षा, 155 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं बोर्ड द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा शुरू हो गई है। गुरुवार को दसवीं बोर्ड गणित विषय की परीक्षा हुई। जिले में इस परीक्षा के लिए 19 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में कुल 3,807 विद्यार्थियों का पंजीयन था, जिनमें से 3,652 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं। वहीं 155 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत 95.93 रहा। इस तरह अवसर परीक्षा में भी 4 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा देने से स्वयं को किनारा कर लिया है।

### सबसे ज्यादा गैरहाजिर रहे कैंप एक केंद्र में

दुर्ग विकासखंड के अधिकांश केंद्रों में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। सबसे अधिक अनुपस्थिति शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैंप-1 भिलाई केंद्र में दर्ज की गई है। जहां 325 परीक्षार्थियों में से 21 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालक धमधा केंद्र में 20 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बोरी केंद्र में सभी 108 पंजीकृत विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और एक भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। इसके अलावा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंडा केंद्र में 173 में से 169 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय उतई केंद्र में 32 में से 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। पाटन विकासखंड के केंद्रों में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति अच्छी रही। शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन केंद्र में 236 में से 225 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जामगांव (आर) और जामगांव (एम) केंद्रों में क्रमशः 119 में से 113 तथा 108 में से 103 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।



### डीईओ सहित अधिकारियों ने दी दबिश

बोर्ड परीक्षा में नकलची विद्यार्थियों पर नजर रखने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने पं. जवाहर लाल नेहरू न्यू खुर्सीपार भिलाई केंद्र का निरीक्षण किया। सहायक संचालक अमित घोष व सीमा नायक ने जेआरडी स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मरोदा टैंक और आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। पाटन एबीईओ आकांक्षा अग्रवाल ने सेजेस पाटन परीक्षा केंद्र में औचक निरीक्षण किया।

### ब्लॉकवार परीक्षार्थियों की उपस्थिति

| ब्लॉक | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| दुर्ग | 2,488 | 2,390 | 98 |
| पाटन | 583 | 555 | 28 |
| धमधा | 736 | 707 | 29 |
| कुल | 3,807 | 3,652 | 155 |

## खबर संक्षेप

### नकटी गांव के पीड़ितों को जल्द मिले पुनर्वास व मुआवजे का लाभ

**भिलाई।** रायपुर के गांव नकटी में गरीबों के मकान तोड़े जाने को लेकर शिवसेना के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में राजू गुप्ता ने कहा कि भारी बारिश के इस संवेदनशील मौसम में बिना किसी ठोस वैकल्पिक व्यवस्था के प्रशासन द्वारा लगभग 80-85 गरीब, मजदूर और आदिवासी परिवारों के आशियानों पर बुलडोजर चला दिया गया। भारी बारिश के मौसम में छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को बेघर करना पूरी तरह से संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। प्रशासन ने मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन किया है। तोड़े गए मकानों में से कई मकान प्रधानमंत्री आवास योजना और इंदिरा आवास योजना के तहत स्वीकृत थे, जिन्हें शासन ने ही वैध मानकर राशि जारी की थी। स्वयं सरकार द्वारा स्वीकृत मकानों को अवैध बताकर तोड़ना बेहद विरोधाभासी और निंदनीय है। जितने भी परिवारों के मकान तोड़े गए हैं, उन्हें नवा रायपुर या समीप के क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से पक्के मकान निःशुल्क आवंटित किए जाएं। बेघर हुए परिवारों के सामान, घरेलू संपत्ति और मकान के नुकसान का सही आकलन कर उन्हें अविलंब उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए।

### सेक्टर-1 नये पीआर कार्यालय से संचालित होंगे विजिटर पास संबंधी कार्य

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रोजेक्ट एक्सपैंशन के तहत जनसंपर्क विभाग परिसर के कार्यालयों का सेक्टर-1 स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप पुराने तारघर भवन में स्थानांतरण पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में सम्पर्क एवं प्रशासन विभाग के सेंट्रल रजिस्ट्री अनुभाग, टैक्सी कंट्रोल अनुभाग, प्रोटोकॉल अनुभाग तथा जनसंपर्क विभाग का सभी कार्य सेक्टर-1 स्थित नये कार्यालय से संचालित किया जा रहा है। विजिटर पास अनुभाग भी नये कार्यालय से कार्य प्रारंभ कर चुका है। विजिटर पास जारी करने एवं उससे संबंधित सभी कार्य सेक्टर-1 जनसंपर्क विभाग के कार्यालय से ही किये जायेंगे।

### जोन आयुक्त ने लिया विकास कार्यों का जायजा



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया गया। जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने अधिकारियों की टीम के साथ क्षेत्र का दौरा कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जोन आयुक्त ने जोन 2 के अंतर्गत बनाए जा रहे नए डॉग हाउस का बारीकी से अवलोकन किया, अविलंब प्रारम्भ करवाने हेतु चर्चा की गई। स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसएलआरएम सेंटर में चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। कुरूद सुंदर विहार क्षेत्र के नागरिकों की सुगम आवाजाही के लिए नवनिर्मित नवीन सीसी रोड का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता को परखा गया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त के साथ कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा और उप अभियंता अशोक देवांगन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अस्पताल को निजी हाथों में देने के बजाय डॉक्टरों व नर्सों की करें भर्ती

# से.9 अस्पताल सहित 64 एकड़ की सार्वजनिक संपत्ति के निजीकरण से होगा चौतरफा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ आंदोलन के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा जारी जागरुकता जनसंपर्क अभियान के चौथे दिन आज यूनियनों के लोगों ने प्लांट सहित टाउनशिप व दफ्तरों आदि में कर्मचारियों व श्रमिकों से संपर्क कर जागरुक किया। लोगों को परचे बांटकर सेक्टर 9 अस्पताल सहित टाउनशिप की करोड़ों की संपत्ति निजी हाथों में सौंपेने के प्रयास के खिलाफ समर्थन मांगा।

इंटक, सीटू, एटक, एक्टू, एचएमएस और स्टील वर्कर्स यूनियन के नेताओं ने अभियान के दौरान बताया कि सेक्टर-9 अस्पताल केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि लगभग 64 एकड़ में फैली करोड़ों रुपये मूल्य की राष्ट्रीय संपत्ति है, जिसे देश के सार्वजनिक क्षेत्र और कर्मचारियों के धन से विकसित किया गया है। अरबों की इस संपत्ति को निजी हाथों में सौंपने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा। अस्पताल का निजीकरण करना केवल अस्पताल पर नहीं, बल्कि सार्वजनिक संसाधनों और आम जनता के स्वास्थ्य अधिकार पर सीधा हमला है। जनता की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। संयुक्त यूनियन ने कहा कि पिछले वर्षों में अस्पताल के आधुनिकीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए।

नई इमारतें, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं, उन्नत उपकरण, नई दवा भंडारण व्यवस्था, मरीजों के लिए परिवहन सुविधाओं का विस्तार तथा अन्य आधारभूत ढांचे का विकास किया गया। यदि अस्पताल को निजी हाथों में ही सौंपना था, तो जनता के धन से यह भारी निवेश क्यों किया गया। इस सार्वजनिक धन से अस्पताल को मजबूत कर अब उसका लाभ निजी कंपनियों को देने की तैयारी की जा रही है।

### संयुक्त यूनियन के जन संपर्क अभियान में कर्मियों को किया जागरुक



### संघर्ष केवल अस्पताल का नहीं, जनता के अधिकारों का है

संयुक्त यूनियन ने कहा कि सेक्टर-9 अस्पताल का निजीकरण केवल एक संस्थान का हस्तांतरण नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में खतरनाक कदम है। यदि इसे नहीं रोका गया तो भविष्य में अन्य सार्वजनिक संस्थानों पर भी यही खतरा मंडराएगा। इसलिए कर्मचारी, सेवानिवृत्तजन, उनके परिवार तथा आम जनता को एकजुट होकर इस जनविरोधी निर्णय का संगठित तरीके से विरोध करना होगा, ताकि सार्वजनिक संपत्ति और स्वास्थ्य सेवाओं की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### अस्पताल लाइफ सेविंग और सेवा का है केंद्र

सेक्टर-9 अस्पताल में मरीजों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए दो जनऔषधि (जेनेरिक मेडिसिन) फार्मेसियां स्थापित की गई हैं। इसके साथ ही ओपीडी एवं कैजुअल्टी तक मरीजों को पहुंचाने के लिए परिवहन सुविधाओं का विस्तार किया गया है। ये सभी कदम इस बात का प्रमाण हैं कि अस्पताल को एक मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया गया है। संयुक्त यूनियन ने प्रबंधन से मांग की अस्पताल को निजी हाथों में सौंपना समाज के गरीब, श्रमिक, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और आम नागरिकों के हितों के साथ अन्याय होगा। निजीकरण किए जाने पर आंदोलन किया जाएगा।

## पर्क्स के चयन में असावधानी बीएसपी कर्मचारियों को पड़ सकती है भारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सीटू की टीम ने कर्मियों को पर्क्स सुविधा को लेकर कर्मियों को जागरुक किया। यूनियन ने बीएसपी के वित्त विभाग के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद कहा कि आयकर छूट का लाभ तभी मिलेगा जब पर्क्स का चयन सोझ समझकर कर करें। विभिन्न मदों व वाहनों पर सीमा अलग अलग है।

■ सीटू ने आयकर छूट के लिए बीएसपी के वित्त अधिकारियों से चर्चा बाद किया जागरुक

यूनियन ने कर्मियों को बताया कि बीएसपी कर्मचारियों को पर्क्स के तहत उनके मूल वेतन का 26.5 प्रतिशत विभिन्न मदों में चयन करने का अवसर दिया जाता है। यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि सही जानकारी के साथ किया गया चयन कर्मचारियों को आयकर में उल्लेखनीय बचत करा सकता है। इसलिए पर्क्स भरते समय जल्दबाजी या अनुमान के आधार पर निर्णय लेने के बजाय प्रत्येक मद को समझना आवश्यक है।नए टैक्स रिजीम के अनुसार कुछ विशेष मद ऐसे हैं, जिन पर नियमानुसार आयकर में छूट उपलब्ध है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण व्हीकल रिपेयर एवं मेंटेनेंस मद है। इस मद में कर्मचारी अपने मूल वेतन का अधिकतम 10 प्रतिशत तक चयन कर सकते हैं।यदि कर्मचारी के नाम पर बीएसपी में विधिवत पंजीकृत 1.6 लीटर (1600 सीसी) से कम क्षमता की चार पहिया गाड़ी है, तो उसे 5 हजार रुपए प्रतिमाह तक की राशि पर आयकर छूट का लाभ मिल सकता है।

### मील वाउचर का चयन में बरतें सजगता

नए टैक्सी रीजिम मे मील वाउचर भी एक महत्वपूर्ण विकल्प है। इस मद में कर्मचारी मूल वेतन का अधिकतम 10 प्रतिशत तक राशि चुन सकते हैं, लेकिन इसकी अधिकतम सीमा 10 हजार रुपए प्रतिमाह है। वर्तमान नियमों के अनुसार एक कर्मचारी प्रतिदिन 400 रुपए तक का मील वाउचर प्राप्त कर सकता है। 25 कार्य दिवस के अनुसार 10 हजार रुपए तक का लाभ मिल सकता है। यह राशि नकद वेतन के रूप में नहीं मिलती, बल्कि सोडेक्सो कार्ड अथवा कूपन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। इसलिए उतनी ही राशि का चयन करें, जितनी की वास्तविक उपयोग आप सोडेक्सो कूपन अथवा कार्ड में मिली रकम खर्चों में कर सकें। सीटू ने बताया कि दिव्यांग कर्मचारियों के लिए भी विशेष प्रावधान किए हैं।

## नंदिनी रोड की शराब दुकान हटाने की मांग आप ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नंदिनी रोड स्थित सरकारी शराब दुकान को तत्काल हटाकर किसी गैर-आवासीय क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोगों और महिलाओं के साथ मिलकर उग्र जन आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में पार्टी ने बुधवार को कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा।

■ गैर-आवासीय क्षेत्र में शिफ्ट करने की मांग

अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि नंदिनी रोड स्थित शराब दुकान क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने का कारण बन गई है। उनका कहना है कि शराब दुकान के आसपास आए दिन लूट, मारपीट, चाकूबाजी और अन्य आपराधिक घटनाएं होती हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि नंदिनी रोड पहले से ही संकरी और अत्यधिक व्यस्त सड़क है। आप नेताओं ने यह भी कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं गुजरती हैं। उनके अनुसार, शराब दुकान के बाहर होने वाली गतिविधियों का बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। शराब दुकान को शीघ्र अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी स्थानीय नागरिकों के सहयोग से बड़ा जन आंदोलन शुरू करेगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेल मेडिक्लेम योजना का नवीनीकरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके पात्र आश्रितों के लिए सेल मेडिक्लेम योजना 2026–27 के तहत नवीनीकरण एवं गैप केस के लिए नवीन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह योजना 11 जुलाई से 10 जुलाई 2027 तक प्रभावी रहेगी। योजना के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनकी पत्नी को द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईए) के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान की जाएगी। एमडी इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) के रूप में सेवाएं प्रदान करेगा।

■ 10 से 11 जुलाई 2027 तक रहेगी प्रभावी

वर्ष 2025–26 में योजना से जुड़े सेवानिवृत्त कर्मी सेल मेडिक्लेम पेमेंट पोर्टल के माध्यम से, जो एसबीआई ई-पे से एकीकृत है, ऑनलाइन प्रीमियम जमा कर अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर सकते हैं। वहीं, जो पूर्व कर्मचारी पिछले वर्ष योजना से जुड़े नहीं थे, वे गैप केस के रूप में निर्धारित प्रीमियम चालान के माध्यम से जमा कर तथा आवेदन पत्र भरकर मानव संसाधन–कर्मचारी सेवा कार्यालय, पुराना स्वास्थ्य केंद्र भवन, सेक्टर-5, में जमा कर योजना से जुड़ सकते हैं। नवीनीकरण एवं नवीन पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई है।

यह योजना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से सेवानिवृत्त सेल कर्मियों, स्वैच्छिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों, स्थायी पूर्ण दिव्यांगता के कारण सेवा से पृथक हुए कर्मचारियों, सेवा के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के जीवनसाथियों, 57 वर्ष या उससे अधिक आयु में त्यागपत्र देने वाले कर्मचारियों तथा उनके पात्र जीवनसाथियों के लिए लागू है।

सेल प्रबंधन ने योजना के लाभार्थियों से अपील की है कि वे नवीनीकरण के दौरान पोर्टल पर दर्ज सभी जानकारियों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करें। जिन सदस्यों ने पूर्व में सेल्फ प्लस स्पाउस (बोथ) श्रेणी में पंजीयन कराया था और अब किसी एक सदस्य का निधन हो चुका है, उन्हें नवीनीकरण से पूर्व अपनी श्रेणी को सेल्फ अथवा स्पाउस में अद्यतन कराने की सलाह दी गई है। गैप केस के आवेदकों को निर्धारित आवेदन पत्र, जो सेल की वेबसाइट पर उपलब्ध है, आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रीमियम भुगतान के साथ निर्धारित कार्यालय में जमा करना होगा।

## रिसाली के चार वार्डों में 1.72 करोड़ से होने वाले विकास के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली में विकास कार्य के लिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा ने भूमिपूजन किया। 1 करोड़ 72 लाख 8 हजार से तालपुरी, रूआबांधा उत्तर, रूआबांधा दक्षिण व रूआबांधा पूर्व में विकास कार्य होंगे। विधायक ललित ने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भूमिपूजन अवसर पर कहा कि संकल्प पत्र में किए घोषणाओं को पूरा किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार रिसाली को नए कलेवर में आम जनता को समर्पित करेगी। रिसाली की दशा एव दिशा जल्द बदलेगी। विधायक ललित ने कहा कि विकास के नए शोपान के तहत उन्होंने आज वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 4 तक भूमिपूजन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश कार्य वही है जिन्हें जनता ने मांग की है। विकास कार्य के लिए किसी तरह की पैसे की कमी नहीं होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, महापौर परिषद की सद्स्य ममता यादव, पार्षद सारिका साहू, सविता ढवस, डॉ. सीमा साहू, सरिता देवांगन, धर्मेन्द्र भगत, शीला नारखेड़े, माया यादव समेत मण्डल अध्यक्ष अनूपम साहू, राजू जंघेल समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### चार वार्डों में होंगे यह कार्य

वार्ड 1 तालपुरी में नाली के उपर कव्हर, फेसिंग वर्क, डोम शेड, कव्हर ड्रेन का कार्य 30.22 लाख से पूर्ण किया जाएगा। इसी तरह वार्ड 2 रूआबांधा उत्तर में बाउंड्रीवाल, कम्युनिटी हॉल, पेवर ब्लाक, रोड चौड़ीकरण के लिए शासन ने कुल 69.28 लाख रूपए स्वीकृत की है। वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण में सीसी रोड, कव्हर ड्रेन, सड़क चौड़ीकरण के लिए कुल 42.87 लाख रूपए खर्च किए जाऐंगे। इसी तरह वार्ड क्रमांक 4 रूआबांधा पूर्व में पांच कार्य के लिए 29.71 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। इस राशि से मंच के सामने पेवर ब्लाक, कव्हर ड्रेन आदि विकास कार्य होंगे।

## पर्यटक चाहते हैं जल्द आए नए व आकर्षक जानवर

# मौसम खुलते ही मैत्रीबाग में बढ़ी रौनक, लुभा रहे व्हाइट टाइगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बारिश के मौसम के शुरु होते ही मैत्रीबाग जू में रौनक बढ़ गई है। अपने बाड़े में घूमते गर्मी और उमस के दौरान कैज के अंदर ही सिमटे रहने वाले वन्य प्राणी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। भिलाई दुर्ग के साथ ग्राम्य क्षेत्रों के लोग भी इन जानवरों और पक्षियों का दीदार करने पहुंच रहे हैं। पर्यटक चाहते हैं कि मैत्रीबाग नए और आकर्षक वन्य प्राणी लाए जाएं।

उल्लेखनीय है कि पखवाड़ेभर पूर्व भारी उमस और गर्मी के चलते मैत्रीबाग में अधिकतर जानवर अपने कैजों में ही दुबके रहते थे। पर्यटक का इनका नजारा लेने इंतजार करते रहते थे। लेकिन अब मौसम ठंडा और खुशनुमा होते ही कई वन्य प्राणी अपने कैज से बाहर निकल एनक्लोजर में चपलता उछलकूद कर रहे हैं। लोग भी वाइट टाइगर, तेंदुआ औल लायन आदि का भरपूर दीदार कर रोमांचित हो रहे हैं। खासकर छह सफेद बाघ लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



तीन सफेद शावक अब करीब एक साल के हो चुके हैं। मौसम बदलने से हिरणों की भी चौकड़ी बढ़ गई है। जनवरों के अलावा बड्र्स काम्पलेक्स भी परिंदों से गुलजार है। यहां बच्चे, युवा और महिलाएं चहचहाहट करते पक्षियों को अपने मोबाइल कैमरे कैद करते दिखाई देते हैं। मानसून के दस्तक देते ही वन्य प्राणियों को गर्मी व धूप से बचाने के लिए लगाए गए चटाई आदि अब हटा दिए गए हैं। इससे लोग इनका अच्छे से नजारा ले पा रहे हैं।

### दो साल से खाली है भालू का बाड़ा

मैत्रीबाग में लंबे समय से नए वन्य प्राणियों की आमद नहीं हुई है। पर्यटक चाहते हैं कि बीएसपी प्रबंधन जल्द विभिन्न प्रजातियों केनए और आकर्षक देशी विदेशी जानवर पक्षी यहां लाए। कई कैज खाली हैं। यहां भालू के एनक्लोजर पिछले दो साल से खाली है। जू में पहले तीन हिमालयीन भालू थे। लेकिन इस दौरान एक एक कर चल बसने से अब तक नए भालू नहीं लाए जाने से बच्चों को खाली एनक्लोजर देख निराश होना पड़ रहा है। बच्चों के साथ आए पालकों ने बताया कि कुछ साल पूर्व तक मैत्रीबाग में कई अच्छे वन्य प्राणी थे। लेकिन अब कई कैज खाली हैं और कई बूढ़े हो चुके हैं। नए जानवर लाए जाने से रौनक बढ़ेगी और मैत्रीबाग को राजस्व भी अधिक मिलेगा।

## बीएसपी स्क्रैप चोरी कांड

# दो और गिरफ्तार, अब तक 15 आरोपी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट से संगठित तरीके से लौह स्क्रैप चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने इस मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस हाई-प्रोफाइल स्क्रैप चोरी कांड में अब तक कुल 15 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पिछले चार से पांच महीनों से योजनाबद्ध तरीके से बीएसपी से निकलने वाले फ्लू डस्ट के परिवहन के दौरान उसमें लौह स्क्रैप मिलाकर चोरी कर रहा था। चोरी किए गए स्क्रैप को हथखोज स्थित ए.के. ट्रेडर्स में जमा कर अवैध रूप से बेचा जाता था, जिससे आरोपी आर्थिक लाभ कमा रहे थे। 26 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम अकलोरडीह खदानपारा स्थित ए.के. ट्रेडर्स में छापा मारा था।

जांच के दौरान हाईवा और ट्रकों में फ्लू डस्ट के साथ लोहे की प्लेट, बीम और कटिंग सामग्री भरी मिली। परिसर में बड़ी मात्रा में अलग-अलग ढेरों में लौह स्क्रैप भी रखा हुआ था।

## खबर संक्षेप

### हर्षोल्लास से मनाया खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**कवर्धा।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शुक्रवार को चिल्फीघाटी स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) में मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में पालकों की उपस्थिति में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया। जिसमें कक्षा 9वीं की छात्राओं को शासन की योजना अंतर्गत सायकिलें प्रदान कीं। विद्यार्थियों के स्वस्थ पोषण को ध्यान में रखते हुए मध्यान्ह भोजन भी कराया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने, नवाचार अपनाने तथा अपने बेहतर भविष्य और उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव है साथ ही विद्यार्थियों को उपलब्ध सभी शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में रामकिंकर वर्मा, नितेश अग्रवाल, नंद श्रीवास, अर्जुन अग्रवाल, तरुणकुमार मेरावी, छोटेलाल मरकाम, अशोक दास सोनवानी, जीवनदास सोनवानी, भानु प्रताप चंद्राकर, सीएस राजपूत, संकुल समन्वयक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### कन्झेटा स्कूल परिषर में किया गया पौधरोपण



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्झेटा में कुण्डा तहसीलदार सुश्री राजश्री पाण्डेय एवं नायब तहसीलदार सुश्री नेहा उके के मुख्य आतिथ्य में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य संजय वैष्णव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस शिक्षा सत्र में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा, जिसमें विभिन्न किस्मों के पौधे जैसे कदम, गुलमोहर, आम, खम्हार, छायादार और फलदार पौधा का पर्यावरण संतुलन हेतु रोपित किया गया। पौधा की उपलब्धता ग्राम के ही कलप सिंह चंद्रवंशी पर्यावरण प्रेमी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इको क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा पौधे को सिंचित किया गया एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधे की सुरक्षा हेतु जालीतार की व्यवस्था सरपंच भागीरथी सोनवानी एवं उपसरपंच संजय चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। वहीं भुलाऊं चंद्रवंशी समिति सदस्य ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों की महत्व को समझाया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक परमेश मरावी, नरेश ठाकुर, अर्जुन चंद्रवंशी, निलेश कुम्भकार, श्रीमती शिवानी दिनेश, हेमेंद्र शर्मा, मोहन शर्मा एवं सभी स्टाफ उपस्थित थें। समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, डॉ परस चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, बबलू, डाकोर साहू, अरुण साहू, जगदीश साहू का विशेष सहयोग रहा।

### पीएम फसल बीमा राशि में देरी, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**कोलेगांव।** कबीरधाम में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की लंबित राशि जारी करने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि कटी हुई चना फसल का बीमा दावा करने वाले किसानों की राशि राज्य सरकार की 50 प्रतिशत अनुदान राशि जारी नहीं होने से अटकी हुई है। महेंद्र कौशिक और जलेश्वर राजपूत ने चेतावनी दी कि जल्द भुगतान नहीं होने पर संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। बगदई, गोछिया, गैदपुर, गोरखपुर समेत सैकड़ों गांवों के किसान प्रभावित हैं।

### नपं को मिली निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात

**कवर्धा।** मांगलिक भवन एवं मुक्तिधाम के व्यावसायिक परिसर उन्नयन के लिए एक करोड़ 45 लाख स्वीकृति नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी नगर पंचायत इंदौरी परिषद की बैठक में लिया गया, निर्णय सर्वप्रथम पद्मविभूषण तीजन बाई पंडवानी गायिका की आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि सभा रखा गया। नगर पंचायत इंदौरी की परिषद मे महत्वपूर्ण बैठक संपन्न नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मित्रीन मांडले की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में नगर के विकास अधोसंरचना और विकास कार्य से जुड़े कई मामलों पर चर्चा कर जन सुविधाओं के लिए प्रस्ताव पारित किया गया पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की, विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से नगर पंचायत इंदौरी मे, भारत माता चौक, कर्मा माता चौक, गुरु घासीदास चौक, सरदार वल्लभभाई चौक, सीसी रोड नाली निर्माण मिनी स्टेडियम निर्माण के साथ विकास कार्यों की सौगात मिली है, जिसका निर्माण प्रगतिरथ है विधायक द्वारा आश्वासन मिला की विकास कार्य के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं होने की संकेत दिया। परिषद के बैठक में सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा बताया गया कि वार्ड नंबर 14 मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए राज्य सरकार से 45 लाख रुपए की स्वीकृति मिली साथ ही व्यवसायिक परिसर के लिए 45 लाख मांगलिक भवन के लिए 45 लाख वार्ड नंबर 10 में मुक्तिधाम उन्नयन के लिए 10 लाख रुपए मणीकंचन केंद्र के लिए 53 लाख की स्वीकृति मिली है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से विवाद हुआ खत्म

# पोंड़ी की 7 एकड़ आबादी भूमि से वक्फ बोर्ड ने अपना दावा छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्राम पोंड़ी की वर्षों पुरानी आबादी भूमि से जुड़े वक्फ विवाद के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके हस्तक्षेप से लंबे समय से लंबित विवाद के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार खसरा क्रमांक 293/1 में पूर्व में मस्जिद के लिए लगभग 2,500 वर्गफुट भूमि दर्ज थी, लेकिन बाद में अभिलेखीय त्रुटियों के चलते करीब 7 एकड़ क्षेत्र पर वक्फ बोर्ड का दावा दर्ज हो गया।

इससे वर्षों से यहां निवासरत परिवारों को नामांतरण, होम लोन, भवन निर्माण अनुमति और अन्य राजस्व कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि तत्कालीन समय में इस भूमि को वक्फ बोर्ड में शामिल किए जाने संबंधी ईश्तहार जारी होने के बाद उन्होंने बड़ी संख्या में आपत्तियां किए थे। उनका दावा है कि इस भूमि पर डेढ़ से दो सौ वर्षों से आबादी बसी हुई है तथा शासन द्वारा आबादी पट्टे भी जारी किए जा चुके हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज को ग्राम पोंड़ी भेजकर स्थल निरीक्षण कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद आयोजित सभा में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।



### ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे और विश्वास को मजबूत करने वाला कदम बताया

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आवश्यक राजस्व एवं विधिक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कर आबादी भूमि से जुड़े सभी प्रतिबंध हटाए जाएं, ताकि वर्षों से निवासरत परिवारों के अधिकार विधिसम्मत रूप से सुरक्षित हो सकें और भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ सलीम राज सहित सहयोग करने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल न केवल भूमि विवाद के समाधान की दिशा में अहम कदम है, बल्कि सामाजिक समरसता और प्रशासन के प्रति जनविश्वास को भी मजबूत करेगी।

## चिरायु टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

चिरायु टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर, अस्वच्छ दांत-स्वच्छ करने, बढ़े नाखून व बढ़े बाल को कटवाने व स्वास्थ्य-स्वच्छता के लिए जागरूक किया, सीएचसी-पिपरिया के दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश पैकरा ने तम्बाकू व तम्बाकू उत्पाद के सेवन से आगाह करते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से मुंह व पेट का कैंसर होने व दांतों के सड़ने व दांतों को सर्वाधिक नुकसान होने की जानकारी दी तथा सभी बच्चों को जागरूक करने, पोस्टर-बैनर से विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई।

सीएचसी पिपरिया की आयुष चिकित्सा अधिकारी, डॉ वेणु किरण महंत ने वर्षा जनित रोगों से बचाव के उपाय बताया। प्राचार्य चंद्रप्रकाश जांगड़े ने तम्बाकू सेवन नहीं करने हेतु शपथ दिलाई, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने नशे को नाश का जड़ बताया। एएलटी स्काउट मास्टर हेमधर साहू ने तम्बाकू छोड़ो-जीवन से नाता जोड़ो, नो स्मोक इत्यादि नारों से तम्बाकू का सेवन नहीं करने की बात को रोचक ढंग से रखा तथा बच्चों का वजन, ऊंचाई की माप व दांतों की स्वच्छता इत्यादि की जांच, करने में जयन पटेल दंत सहायक व एएनएम वर्षा तिवारी, एमएलटी अजय कुर्रे तथा स्वास्थय परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आंदोलन के बाद गन्ना भुगतान ने पकड़ी रफ्तार, 4.76 करोड़ की नई किस्त जारी

## 8050 किसानों को अब तक 25.83 करोड़ का भुगतान, आंदोलन के बाद दिखा असर



### आंदोलन के बाद बनी सहमति का दिखा असर

गन्ना भुगतान, खाद उपलब्धता और अन्य मांगों को लेकर किसान संगठनों ने हाल ही में पंडरिया स्थित शक्कर कारखाने के सामने आंदोलन किया था। आंदोलन के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किसानों और कारखाना प्रबंधन के बीच चर्चा कर भुगतान को चरणबद्ध तरीके से कराने का भरोसा दिलाया था। विधायक ने प्रारंभिक रूप से शीघ्र राशि जारी कराने का आश्वासन दिया था जिसके बाद किसानों ने आंदोलन स्थगित कर दिया था।

### कारखाना प्रबंधन की भुगतान प्रक्रिया जारी

कारखाना के एमडी यूके कौशिक के अनुसार भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वित्तीय उपलब्धता के अनुसार शेष राशि भी चरणबद्ध तरीके से किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। प्रबंधन का प्रयास है कि सभी किसानों का लंबित भुगतान जल्द से जल्द पूरा हो ताकि किसी भी किसान को आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गन्ना किसानों के लंबे समय से लंबित भुगतान को लेकर किए गए आंदोलन का सकारात्मक असर अब दिखाई देने लगा है। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया ने 7 जुलाई को 4 करोड़ 76 लाख 40 हजार 657 रुपए की राशि किसानों के बैंक खातों में जारी कर दी है। इस भुगतान से बड़ी संख्या में किसानों को राहत मिली है और शेष भुगतान भी चरणबद्ध तरीके से जल्द किए जाने की उम्मीद मजबूत हुई है। कारखाना प्रबंधन द्वारा जारी भुगतान विवरण के अनुसार पेराई सत्र 2025-26 में 8050 किसानों से कुल 12 लाख 17 हजार 216.40 क्विंटल गन्ने की खरीदी की गई। खरीदे गए गन्ने के एवज में किसानों को कुल 40 करोड़ 5 लाख 25 हजार 52 रुपए का भुगतान किया जाना है। इससे पहले कारखाना प्रबंधन द्वारा 21 करोड़ 7 लाख 45 हजार 541 रुपए किसानों के बैंक खातों में भेजे जा चुके थे। अब 7 जुलाई को 4.76 करोड़ रुपए की नई किश्त जारी होने के बाद किसानों को अब तक कुल 25 करोड़ 83 लाख 86 हजार 198 रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

यानि कुल देय राशि का लगभग 65 प्रतिशत भुगतान किसानों तक पहुंच चुका है। अब नई भुगतान राशि जारी होने के बाद किसानों में यह विश्वास बढ़ा है कि शेष भुगतान भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जल्द पूरा किया जाएगा। किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान मिलने से खेती-किसानी के कार्यों, खरीफ सीजन की तैयारियों तथा खाद-बीज की व्यवस्था करने में उन्हें राहत मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वाराशुक्रवार को अपने सात सूत्रीय मांगों को लेकर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन सौंपा। इसी तारतम्य में जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा को सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। विधायक द्वारा फेडरेशन को आश्वस्त किया गया कि शिक्षकों के सभी मांगों को विधान सभा मे रखेंगे और उनके द्वारा समस्याओं को हर संभव पहल करने की बात कही गई। जिसमें मुख्य मांगे मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करना, सहायक शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ प्रदान करना, सेवारत शिक्षकों की सुरक्षा हेतु विभागीय टेट का आयोजन करना, वीएसके एप की तकनीकी समस्या दूर होते तक किसी भी शिक्षक की वेतन में कटौती न किया जाए व एकल शिक्षकीय की शाला में शिक्षकों की व्यवस्था किया जाए तथा पदोन्नति में वरिष्ठता का ध्यान रखते हुए अति शीघ्र पदोन्नति दिया जाए। इस दौरान प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, श्रीमती अर्चना तिवारी, श्रीमती रश्मि केशरवानी, संजय साहू, रामचंद्र साहू, संजय राज, धरमु दास कुर्रे, भुवनेश्वर भट्ट, संजय घावड़े सहित शिक्षक गण सम्मिलित थें।

# बोड़ला में नकली पोटाश उर्वरक का बड़ा खुलासा



■ 10 दुकानों को नोटिस, एक और केंद्र पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

खरीफ सीजन के दौरान नकली एवं अमानक उर्वरकों के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने बोड़ला स्थित मेसर्स गोलू कृषि केन्द्र से लिए गए म्यूरिएट ऑफ पोटाश (एमओपी) उर्वरक के नमूने की जांच में गंभीर अनियमितता पाई। तृतीय परीक्षण के बाद भी नमूना अमानक स्तर का मिलने पर केंद्र की उर्वरक बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाते हुए वैधानिक कार्रवाई की गई है।

कृषि विभाग के अनुसार उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती एवं जिला उर्वरक नोडल अधिकारी अखिलेश दत्त दुबे के मार्गदर्शन में उर्वरक निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार यादव द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। जांच में पाया गया कि म्यूरिएट ऑफ पोटाश उर्वरक में जल घुलनशील पोटाश (केओ) निर्धारित 60 प्रतिशत के स्थान पर शून्य प्रतिशत मिला।

यह उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-3 के तहत दंडनीय माना गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित कृषि केंद्र संचालक से करीब 5 घंटे तक पूछताछ भी की गई। विभाग ने एक अन्य उर्वरक विक्रय केंद्र की बिक्री भी प्रतिबंधित कर दी है, जबकि 10 अन्य उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिलेभर में जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नकली अथवा अमानक उर्वरकों की बिक्री करते पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पेज 9 के शेष

### भिंभौरी को डबल इंजन की ...

साकार हो रहा है। ये रहे उपस्थित कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू, विधायक दीपेश साहू, रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू , लोक निर्माण विभाग ईई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएम ने नवप्रवेशी ...

**20 बालिकाओं को मिली साइकिल, मेधावी विद्यार्थी सम्मानित:** कार्यक्रम के दौरान सरस्वती साइकिल योजना के तहत 20 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल मिलने पर बालिकाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और बालिका शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही जिले में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

**बेरला के विकास के लिए 2.60 करोड़ की घोषणा:** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास के लिए 2 करोड़ 60 लाख रुपये की घोषणाएं कीं। उन्होंने बेरला में गौरव पथ निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये, स्टेडियम निर्माण के लिए 50 लाख रुपये तथा शासकीय कन्या विद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की।

### साइबर ठगी के ...

अपना तथा ग्राम ताला और ग्राम जिया के कई लोगों के नाम से विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाता था। इसके बाद बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और सिम राहुल साहू को सौंप देता था। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने और उसे आगे निकालने के लिए किया जाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बैंक ऑफ महाराष्ट्र का पासबुक भी जब्त किया है। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी दुष्यंत कुमार साहू को 9 जुलाई 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

**कार्रवाई में इनका रहा योगदान:** कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में एएसआई रेशम लाल भास्कर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक निधि गुप्ता, सूरज कुमार जांगड़े, आरक्षक पुरुषोत्तम कुंभकार, सौरभ सिंह सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कृषि नवाचारों ...

उन्होंने जिले में लगातार घटते सोयाबीन रकबे पर चिंता व्यक्त करते हुए जलवायु परिवर्तन के अनुरूप प्रतिरोधी किस्मों को अपनाने, चौड़ी नुमा क्यारी पद्धति पर सोयाबीन-अरहर अंतरवर्तीय खेती को बढ़ावा देने तथा फसल चक्र और फसल विविधीकरण अपनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र की हाईटेक नर्सरी में किसानों की मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सब्जी पौध तैयार करने की योजना की भी जानकारी दी।

**किसानों को फलदार पौधों का वितरण :** किसानों को फलदार पौधों का वितरण बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र दुर्ग पाहंदा के डॉ. विजय जैन, बालोद के डॉ. के. आर. साहू, राजनांदगांव की डॉ. गुंजन झा तथा बेमेतरा के श्री तोषण कुमार ठाकुर सहित चारों केंद्रों के वैज्ञानिक और कृषक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों को फलदार पौधों का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की प्रदर्शन इकाइयों का भ्रमण कर आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

### जिले में चलेगा एचपीवी ...

टीकाकरण एक प्रभावी कदम है और यह सामाजिक जिम्मेदारी भी है कि कोई भी पात्र बालिका इस अभियान से वंचित न रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे 14 वर्ष पूर्ण एवं 15 वर्ष से कम आयु की अपनी बेटियों को 13 से 18 जुलाई के बीच निकटतम शासकीय टीकाकरण केंद्र में लेकर आएं और निःशुल्क वैक्सीन का लाभ दिलाएं।



## खबर संक्षेप

### 7 इंस्पेक्टरों का तबादला 3 नए निरीक्षक भी मिले

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस मुख्यालय रायपुर ने बुधवार रात 64 पुलिस निरीक्षकों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इस सूची में दुर्ग जिले के सात निरीक्षकों का अन्य जिलों में स्थानांतरण किया गया है, जबकि तीन नए निरीक्षकों की दुर्ग जिले में पदस्थापना की गई है। जारी आदेश के अनुसार, सुपेला थाना प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज का तबादला कांकेर किया गया है। जामुल थाना प्रभारी रामेंद्र कुमार सिंह को कोंडागांव भेजा गया है, जबकि उतई थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू को सुकमा में नई जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा खुर्सीपार थाना में पदस्थ निरीक्षक आनंद शुक्ला का तबादला बीजापुर, ट्रैफिक शाखा में पदस्थ निरीक्षक मनीष शर्मा का दंतेवाड़ा किया गया है। निरीक्षक श्रद्धा पाठक मिश्रा और वंदिता पानिकर को भी कोंडागांव स्थानांतरित किया गया है।

### दहेज प्रताड़ना में सास और देवर गिरफ्तार

**भिलाई।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में वैशाली नगर पुलिस ने सास और देवर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर दहेज मांगने के साथ गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला को लगातार प्रताड़ित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने थाना वैशाली नगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति, सास और देवर लगातार दहेज की मांग कर उसे परेशान कर रहे हैं। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। इतना ही नहीं, अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर वैशाली नगर थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 85, 296, 119(1), 115(2), 351(3), 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस को पर्याप्त साक्ष्य मिले, जिसके आधार पर 9 जुलाई को सुषमा पाण्डेय (50 वर्ष) और अस्वनी पाण्डेय (23 वर्ष), निवासी शांतिनगर, दशहरा मैदान के पास को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं प्रकरण में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच जारी है।

### वाहनों में तोड़फोड़, चोरी

**भिलाई।** मोहन नगर थाना क्षेत्र में वाहनों में तोड़फोड़ और बैटरी चोरी का मामला सामने आया है। सिंधी कॉलोनी निवासी प्रार्थी ज्वाला प्रसाद अग्रवाल ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि स्वर्ग रथ वाहन सीजी 07 सीए 3491 तथा अपनी कार क्रमांक सीजी 07 5165 को यूनियन बैंक के बाजू में खड़ी किया था। रात्रि 1 बजे से सुबह 11 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति ने दोनों वाहनों के कांच को तोड़ दिया है।

### आठ लाख की ठगी पति-पत्नी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलगांव पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने एक ही प्लॉट का सौदा कई लोगों से कर करीब 8 लाख रुपए ऐंठ लिए, लेकिन किसी के नाम रजिस्ट्री नहीं कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ग्राम दमोदा निवासी नोकेश देशमुख और नेहा देशमुख ने ग्राम अंजोरा स्थित प्लॉट नंबर 8 की जमीन बेचने का सौदा एक व्यक्ति से 5 लाख 50 हजार रुपए में किया। प्रार्थी से ऑनलाइन और नकद मिलाकर 5 लाख 20 हजार रुपए लिए गए। व्यवसायिक जरूरत का हवाला देकर प्रार्थी की मां से भी एनईएफटी के जरिए 2 लाख 80 हजार रुपए ले लिए गए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने दीपक कुमार चौबे, दुर्गा शर्मा, दिनेश कुमार पांडे समेत अन्य लोगों से भी इसी जमीन के नाम पर ब्याना लेकर धोखाधड़ी की है।

# दीदी के गोठ' ने पूरे किए एक वर्ष, नवागढ़ में हुआ भव्य जनपद स्तरीय आयोजन

## रेडियो कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और योजनाओं से जोड़ने का सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत प्रसारित लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को जनपद पंचायत नवागढ़ में जनपद स्तरीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने 'दीदी के गोठ' के 12वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, आजीविका संवर्धन, वित्तीय समावेशन, पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। मुख्य अतिथि दयालदास बघेल ने कहा कि 'दीदी के गोठ' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने, जागरूक बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने का प्रभावी मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि मिशन बिहान से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आज आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन की भी मजबूत आधारशिला बन रही हैं।



**नई दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य :** उन्होंने महिलाओं से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने, स्वरोजगार गतिविधियों का विस्तार करने तथा अपने समूहों को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। साथ ही मिशन बिहान के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

### महिलाओं की रही उत्साहपूर्ण सहभागिता

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें संगठित होकर आजीविका गतिविधियों का विस्तार करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण के संकल्प और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ हुआ। इस अवसर पर मिशन बिहान एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, समूह की सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मुस्लिम समाज ने शरबत पिलाकर दिया भाईचारे का संदेश

# देवकर में जुड़वास महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

आषाढ़ मास के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर में आयोजित जुड़वास महोत्सव श्रद्धा, आस्था और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनकर उभरा। नगर की सुख-शांति, प्राकृतिक आपदाओं और मौसमी बीमारियों से रक्षा की कामना के साथ मां शीतला की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही शीतला मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और लोगों ने अपने दैनिक कार्य छोड़कर उत्सव में भाग लिया। सुबह मां शीतला का भव्य श्रृंगार एवं पूजन किया गया तथा नीम की पत्तियों से जल का छिड़काव कर सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। लगभग 20 वर्षों से आयोजित हो रहा यह धार्मिक आयोजन अब बेमेतरा, दुर्ग, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी), रायपुर सहित मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र तक अपनी पहचान बना चुका है। इस वर्ष करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालु महोत्सव में शामिल हुए।

■ भव्य शोभायात्रा, झांकियां और सांगा-बाना अनुष्ठान रहे आकर्षण का केंद्र

दोपहर 12 बजे शीतला मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो महावीर चौक, महादेव पारा, गांधी चौक, कंडरा पारा, नूरानी चौक और डीही पारा होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। अघोरी ग्रुप अंजोरा द्वारा प्रस्तुत मां काली और भैरव बाबा की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे की धुन पर युवा श्रद्धालु उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रक्षित केंद्र बेमेतरा से 20 से 25 महिला एवं पुरुष पुलिस जवानों के साथ देवकर चौकी पुलिस की विशेष ड्यूटी लगाई गई। उपनिरीक्षक अलिल चंद के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था संभाली गई और पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



### हजारों लोगों ने पाया महाप्रसादी

नगर के विभिन्न स्थानों पर महाप्रसादी का वितरण किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं नूरानी चौक स्थित बागे रसूल यंग कमेटी ने राहगीरों को शरबत पिलाकर सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया, जिसकी लोगों ने सराहना की। शाम को मां विंध्यवासिनी जस ग्रुप, बालोद द्वारा भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं सांगा-बाना अनुष्ठान ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पारंपरिक आस्था के तहत शरीर के गाल, जीभ और हाथों में लोहे के नुकीले शस्त्र आर-पार कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अद्भुत दृश्य को देखने बड़ी संख्या में लोग उमड़े। पूरे आयोजन की ड्रोन कैमरे से रिकॉर्डिंग की गई, जिसकी तस्वीरें और वीडियो दिनभर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने रहे। नगरवासियों ने घरों की छतों और बालकनी से भी शोभायात्रा का आनंद लिया। करीब पांच घंटे तक चली शोभायात्रा के साथ जुड़वास महोत्सव श्रद्धा, परंपरा और सामाजिक एकता का यादगार उदाहरण बन गया।



# जिले के सेवा सेतु केंद्रों में नई ऑनलाइन सुविधाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सेवा सेतु केंद्रों के माध्यम से राशन कार्ड संबंधी नई ऑनलाइन सेवाओं का शुभारंभ कर दिया गया है। अब नागरिक राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने, नाम विलोपन (हटाने) सहित अन्य संबंधित सेवाओं के लिए अपने निकटतम सेवा सेतु केंद्र में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में सेवा सेतु पोर्टल की पुरानी एवं नई सेवाओं के संबंध में दो पालियों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रथम पाली में बेरला एवं साजा तथा द्वितीय पाली में बेमेतरा और नवागढ़ विकासखंड के सेवा सेतु ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन जिला ई-गवर्नेंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के ई-जिला प्रबंधक महेंद्र कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने ऑपरेटरों को राशन कार्ड संबंधी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता, पोर्टल संचालन, सेवा प्रदाय प्रणाली, निर्धारित समय-सीमा तथा शासन के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विवाह प्रमाण पत्र एवं नाम परिवर्तन के लिए साधारण राजपत्र अधिसूचना की ऑनलाइन प्रक्रिया भी समझाई गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि सेवा सेतु पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। ऑपरेटरों को केवल स्पष्ट एवं प्रमाणित दस्तावेज ही पोर्टल पर अपलोड करने तथा अपूर्ण या गलत दस्तावेज अपलोड नहीं करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे राशन कार्ड संबंधी सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम सेवा सेतु केंद्र में आवेदन करें और शासन की इस सरल, सुगम एवं जनहितैषी व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## दुर्गा सोनी भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार के तहत नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय भाजपा नेत्री दुर्गा सोनी को भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया है। संगठन द्वारा सौंपी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

दायित्व मिलने पर अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य दयावंत धर बांधे, जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय, पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, निमिराज सोनवानी, सुशील बनर्जी, मनहरण सिंह ठाकुर, गुरमुख भार्गव, फिरतू राम साहू, अजय तिवारी, डॉ. जगजीवन खरे, हरिकिशन कुर्रे, दीपक तिवारी, मिन्टू बिसेन, छन्नू गुप्ता, भगत कुम्भकार, राजेंद्र मिश्रा, जितेन्द्र भुवाल, अनिल मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, कुंजबिहारी ठाकुर, कृपाशंकर त्रिपाठी, अमिता बघेल, गुड्डा खान, आलोक तिवारी, गजेन्द्र साहू, सुरेश निषाद, खेमिन बाई, महेश टण्डन, राजकुमार मिश्रा, काल्विन जोशी, संजू राजपूत, तोपसिंह साहू, फुलचंद साहू, अभिषेक राजपूत, रितेश मिश्रा, भुनेश्वर वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, मुचकुंद राजपूत, शोभित साहू, कुलेश्वर सिन्हा, त्रिलोक साहू, मेलाराम यादव, बाबूराम रजक, प्रेमु वर्मा, तनु दीवान, बालशंकर वर्मा, बबलू बांधे, बबलू राजपूत, संदीप वैष्णव, कृष्णा ठाकुर, मोनू गोस्वामी, मिथलेश सोनकर, दानीराम जायसवाल, कपिल साहू, जित्ते रजक, राजा सोनकर, तिलक साहू, आजूराम साहू तथा दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, व्यवसायी प्रकोष्ठ के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## देवार समाज को कुरीतियों से मुक्त कर मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान

# नगर इकाई का गठन, दामचरण बने अध्यक्ष, शिक्षा एकजुटता और सामाजिक सुधार पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से देवार समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से थान खम्हरिया में देवार समाज की विशाल बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रभर से समाज के प्रमुख, महिला-पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

■ थान खम्हरिया में विशाल बैठक संपन्न

कार्यक्रम की शुरुआत समाज की आराध्य देवी बूढ़ी दाई की पूजा-अर्चना एवं ध्वजारोहण के साथ हुई। बैठक में नगर देवार समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें दामचरण छेदैया को अध्यक्ष, गोपाल जोगी को उपाध्यक्ष, बिरझू सोनवानी को सचिव, रछ्जू सोनवानी को कोषाध्यक्ष तथा शिवनाथ छेदैया को मीडिया प्रभारी चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अनिल सोनवानी, रघुबीर जोगी और सिद्धार्थ छेदैया का चयन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश देवार समाज के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद नेताम मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज देवार समाज की सबसे बड़ी चुनौती अशिक्षा, कुप्रथाएं और आपसी विभाजन है। जब तक समाज इन बुराइयों से मुक्त नहीं होगा, तब तक शासन की योजनाओं का पूरा लाभ समाज तक नहीं पहुंच पाएगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्म से बड़ा बनता है।

समाज को अपनी पुरानी मजबूरियों से बाहर निकलकर शिक्षा और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ना होगा। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि देवार समाज की संस्कृति, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना समय की आवश्यकता है। बैठक में यह भी बताया गया कि देवार जाति को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किए जाने के बावजूद अनेक लोगों को आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में जाति प्रमाण-पत्र नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण समाज के कई परिवार छात्रवृत्ति, आरक्षण, कौशल विकास, वित्तीय सहायता एवं अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। अरविंद नेताम ने समाज के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि देवार समाज मूलतः जल, जंगल और जमीन से जुड़ा प्रकृति पूजक समुदाय रहा है। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक रूप से महामारी के कारण समाज के लोगों को जंगलों से निकलकर मैदानी क्षेत्रों में बसना पड़ा, जिससे शिक्षा और सामाजिक विकास की मुख्यधारा से उनका जुड़ाव प्रभावित हुआ। अब समय आ गया है कि समाज संगठित होकर अपने अधिकारों और विकास के लिए आगे आए। बैठक में प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों सहित नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



## मारो मंडल के स्वतंत्र साहू व राजेश साहू बने भाजपा जिला संयोजक







**नांदघाट।** मारो मंडल से युवा नेता स्वतंत्र साहू एवं राजेश साहू की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में हर्ष है। स्वतंत्र साहू पंचायत प्रकोष्ठ एवं राजेश साहू व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए गए है। दोनों ही युवा नेताओं ने संगठन के महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए जाने पर कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल विधायक दीपेश साहू विधायक ईश्वर साहू रजक कार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक जिला अध्यक्ष भाजपा अजय साहू उपाध्यक्ष एवं सभापति जिला पंचायत अंजय बघेल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहण करने एवं पार्टी एवं संगठन की मजबूती के लिए काम करने की बात कही है। दोनों नेताओं को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए जाने पर जिला भाजयुमो अध्यक्ष विजय वर्मा जिला मंत्री मनीष जायसवाल, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष ललन यादव, जिला संयोजक आरटीआई विवेक शुक्ला, मारो मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा संतोष साहू, सीताराम साहू, मनोज साहू, रोहित निषाद, विशाहू साहू, नरेंद्र साहू, धनलाल देशलहरे, गौतम साहू, राधेश्याम यादव समेत नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त की है।

## ग्रामीण शिक्षा को मजबूत बनाने सरकार पाठ्यपुस्तकें, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति योजनाओं का कर रही संचालन

# ग्रामीण शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए व्यावहारिक उपाय जरूरी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी के प्रधान पाठक धनेश राम रजक ने ग्रामीण शिक्षा को सुदृढ़ और व्यावहारिक बनाने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति का वास्तविक आधार गांव हैं और गांवों के विकास की सबसे मजबूत नींव शिक्षा है।

वर्तमान में शासन द्वारा ग्रामीण शिक्षा को मजबूत करने के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति, शालाओं का उन्नयन और डिजिटल संसाधन जैसी अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही हैं। इन प्रयासों को पूरी तरह सफल बनाने के लिए शिक्षक, अभिभावक, स्थानीय समुदाय और प्रशासन का आपस में तालमेल होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा विद्यालय केवल एक कंक्रीट का भवन नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को आकार देने का पवित्र केंद्र है। कक्षा का वातावरण ऐसा होना चाहिए जहां बच्चा बिना किसी डर के आनंदपूर्वक सीख सके। इसके लिए खेल-खेल में सीखना,

गतिविधि-आधारित शिक्षण, स्थानीय परिवेश से जुड़े उदाहरण, कहानियां, गीत और समूह कार्य जैसे नवाचारों को अपनाना होगा। जब शिक्षा सीधे व्यावहारिक जीवन से जुड़ती है, तो बच्चों का सीखना अधिक स्थायी हो जाता है। सीमित संसाधनों के बावजूद आज ग्रामीण अंचलों में कई शिक्षक अपने समर्पण और रचनात्मक कार्यों से बेहतरीन उदाहरण पेश कर रहे हैं। एक प्रेरित शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि वह कई पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माता शिक्षा तब तक अधूरी है जब तक उसमें समाज और परिवार का सहयोग न हो। यदि अभिभावक नियमित रूप से विद्यालय का दौरा करें, बच्चों की पढ़ाई की सुध लें और घर पर पढ़ाई का माहौल बनाएं, तो बच्चों का आत्मविश्वास दोगुना हो जाता है। इसमें ग्राम पंचायत, शाला प्रबंधन समिति और स्थानीय समाज को भी अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आज के डिजिटल दौर में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में भी स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, ऑडियो बुक और मोबाइल आधारित शिक्षण सामग्री का उपयोग पढ़ाई को और रोचक बना सकता है। तकनीक शिक्षक का विकल्प नहीं है, बल्कि यह उनके शिक्षण को और अधिक प्रभावशाली बनाने का जरिया है। इसके साथ ही स्कूलों में पुस्तकालय, विज्ञान गतिविधियां और कला-संगीत, खेलकूद, योग और पौधारोपण, स्वच्छता अभियान व स्थानीय संस्कृति से जुड़े आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण (चौतरफा) विकास हो सके और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास हो।

### साझा प्रयास से बदलेगी तस्वीर



प्रधान पाठक धनेश राम रजक ने कहा कि ग्रामीण शिक्षा को बेहतर बनाना किसी एक व्यक्ति या संस्था के बस की बात नहीं है। यह हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। शासन की नीतियां, शिक्षकों का समर्पण, पालकों का सहयोग और बच्चों की जिज्ञासाये सब मिलकर ही शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। जैसा कि कहा गया है, बूंद-बूंद से सागर भरता है, शिक्षा के क्षेत्र में उठाया गया हमारा हर छोटा कदम भविष्य के सशक्त और विकसित भारत की सबसे मजबूत आधारशिला बनेगा।

